# बिहार विधान परिषद

**(विधान परिषद् का 192वां बजट सत्र)**

## 01 जुलाई 2019

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**- 29**

----

### उपलब्ध राशि से कार्य

***1 नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में वर्ष 2018-19 में राज्य की त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के लिए प्रावधानित कुल 2600.30 करोड़ के विरुद्ध अबतक 1300.29 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दी गई थी;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि अबतक उपलब्ध राशियों से पटना जिले के किन-किन पंचायतों में कौन-कौन से कार्य संपादित किया गया है और लंबित कार्यों की क्या स्थिति है?

----

### पथ का पुनर्निर्माण

***2 संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिले के रंगरा चौक प्रखण्ड स्थित राष्ट्रीय उच्च पथ-31 मदरौनी चौक से 2 कि.मी. मदरौनी पछियारी टोला शिव मंदिर तक जाने वाली

सड़क अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क की स्थिति बिगड़ने का एकमात्र कारण कोशी नदी का कटाव रोकने हेतु बड़े-बड़े ट्रकों /हाइवा से बोल्डर ढुलाई करने से है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## माली की नियुक्ति

***3 प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि,प्रदेश में विगत दो-तीन दशकों से माली की नियुक्ति नहीं की गई है, बाग-बगीचा के प्रति क्या यह सरकार की उपेक्षा एवं उदासीन रुख नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि मात्र माननीय मंत्रीगण के आवास परिसर में अवस्थित बाग-बगीचे की ही देखभाल नियमित रूप से करवायी जा रही है तथा अन्य स्थानों यथा माननीय सदस्य विधान सभा,विधान परिषद् के आवास परिसर या अन्य स्थानों पर बाग-बगीचों की देखभाल की कई वर्षों से उपेक्षा की जा रही है ;

(ग) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार निकट भविष्य में मालियों की नियुक्ति स्थायी या निविदा पर करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***4 रामईशबर महतो (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड अंतर्गत पुपरी से चोरौत जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि पुपरी से चोरौत लगभग 13 कि.मी. दूरी तय करने में स्थानीय लोगों को दो (2) घंटे लग जाते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि पुपरी से चोरौत जाने वाली सड़क के जर्जर स्थिति में होने के

कारण हल्की बारिश में भी आवागमन बंद हो जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में पुपरी से चोरौत जाने वाली मुख्य सड़क को इसी वित्तीय वर्ष में बनाने का इरादा रखती है, यदि हॉं तो कब तक?

----

## आदेश का अनुपालन

***5 सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत चेहराकलां प्रखंड में सात निश्चय योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि अनियमितता की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से करने पर वे अपने वरीय पदाधिकारियों के आदेश की भी अवहेलना करते हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि उप विकास आयुक्त वैशाली के पत्रांक 1325, दिनांक-08.08.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी चेहरा कलां, को प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग के पत्रांक- 3574 दिनांक- 4.7.2018 एवं जिला पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक-1135 दिनांक-12.07.2018 तथा उप विकास आयुक्त, वैशाली के पत्रांक- 11/गो0, दिनांक-05.07.2018 द्वारा दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी योजनाओं में गडबड़ी करने के दोषी एवं वरीय अधिकारियों के आदेश का अनुपालन न करने वाले पदाधिकारी पर कौन- सी कार्रवाई करना चाहती है?

----

## बकाया राशि का भुगतान

***6 राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य द्वारा आवेदन देकर जॉब कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के तहत एक वर्ष में 100 दिनों का रोजगार एवं मजदूरी प्राप्त करने का अधिकार सुनिश्चत

किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पंजीकृत जॉब कार्डधारी मजदूर काम के लिए आवेदन दे सकते हैं जिन्हें 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में बक्सर जिला और भोजपुर जिला में मनरेगा योजना के अंतर्गत कितनी राशि उपलब्ध कराई गई और कितने मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया;

(घ) क्या यह सही है कि मनरेगा योजना के तहत भोजपुर जिला और बक्सर जिला के मजदूरों की कितनी राशि बकाया है, जिसका अभी भुगतान कराना है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान कराना चाहती है, हाँ नहीं तो क्यों?

----

## पुल का पुनर्निर्माण के संबंध में

*7 **सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लोकही प्रखण्ड के तहत मारन गॉव के अंतर्गत कमला तट बंध पर पुल का निर्माण आधा-अधूरा है;

(ख) क्या यह सही है कि एक वर्ष पूर्व लाखों रूपये की लागत से बलान नदी पर पुल का निर्माण किया गया था जो अभी निर्माणाधीन है;

(ग) क्या यह सही है कि मनरेगा प्रोग्राम प्रखण्ड पदाधिकारी के कथनानुसार पेंडिंग पड़ी राशि के भुगतान के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेंडिंग पड़ी राशि का भुगतान करा कर उक्त कमला तटबंध पर अधूरे पुल का पुनर्निर्माण कराना चाहती है? यदि हाँ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों?

----

## पुल निर्माण

*8 **रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार की सोन नदी पर बना कोईलवर पुल एवं गंगा नदी पर स्थित गांधी सेतु पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों पुलों पर जाम की समस्या की वजह से राजधानी पटना आने-जाने वालों को काफी समस्या से जूझना पड़ रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उपरोक्त दोनों पुलों के समानान्तर नए पुल के निर्माण की योजना स्वीकृत है किन्तु कार्य की प्रगति काफी धीमी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्रातिशीघ्र इन पुलों के समानान्तर बनने वाले नए पुल का निर्माण कार्य पूरा कर आम जनता की समस्या का समाधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## लंगड़ा रोग की रोकथाम के लिए समुचित व्यवस्था

*9 **दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखण्ड में लंगड़ा रोग से आधा दर्जन पशुओं की मौत हो चुकी है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड का स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में लंगड़ा रोग की रोकथाम के लिए समुचित कार्रवाई करना चाहती है, ताकि किसानों की आर्थिक क्षति नहीं हो सके ?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

*10 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के मीठापुर गुमटी से परसा बाजार होते हुए गया तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में वाहनों के अधिक परिचालन से मीठापुर गुमटी

से परसा बाजार तक दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है तथा लगातार दुर्घटनाएं होती रहती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क जाम की स्थिति में पैदल आने-जाने में भी पैदल यात्रियों को काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार एवं जाम से मुक्ति कब तक दिलाना चाहती है?

----

## रसवंती प्लांट पुनः चालू

*11 **रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में फल-सब्जी विकास निगम की फल-सब्जी परीक्षण संयंत्र इकाई की रसवंती यूनिट विगत वर्ष 1990 से बंद पड़ी है;

(ख) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के करीब 10 हजार से अधिक किसानों ने टमाटर की खेती करने के साथ-साथ फल-सब्जियों की खेती शुरू की जिससे रसवंती बनती थी ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त फैक्ट्री में बनने वाली रसवंती कम ही समय में बाजार में ही ऐसी धाक जमाई कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कोल्ड ड्रिंक के पांव उखड़ने लगे ;

(घ) क्या यह सही है कि इस औद्योगिक इकाई को बंद होने से जिले के करीब 10 हजार से अधिक किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो रही है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार किसानों के हित को देखते हुए वैशाली के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में रसवंती प्लांट को पुनः चालू करकने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## गौशाला का निर्माण

*12 **कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेसहारा गायों को संरक्षित कर उसकी सुरक्षा

सुनिश्चित करने तथा इन्हें उपभोगी बनाने के उद्देश्य से पटना के मालसलामी स्थित कटरा में 2.37 करोड़ की लागत से राज्य का पहला मॉडल गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि आधुनिक सुविधा और आदर्श व्यवस्था से लैस मॉडल गौशाला में पशु पालकों को प्रशिक्षित कर उन्हें पशु की उचित देखभाल के लिए जागरूक किया जाएगा;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त गौशाला में पशु के गोबर और मूत्र के औषधीय व अन्य इस्तेमाल,गौशाला की स्वच्छता,पशु की चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षित शेड,पानी और रौशनी, टीकाकरण एवं अन्य सरकारी योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर जोर होगा;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में मॉडल गौशाला का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## नाली की मरम्मति

***13 दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना स्थित पुनाईचक मोहल्ला में रोड नं0-4के पीछे का नाला नीचे रहने के कारण एवं जीर्ण-शीर्ण होने के कारण बरसात में नाला का पानी आवासी के घर तक चला जाता है जिसके कारण काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार सरकारी आवास रोड नं0-4 के पीछे की नाली की मरम्मती एवं ऊंचा करने का विचार रखती है तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## पी.सी.सी. सड़क निर्माण

***14 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिला अंतर्गत आन्दर प्रखंड में आन्दर-गहिलापुर जाने वाली सड़क पर लोहिया विचार मंच से मनन प्रसाद सिंह के दरवाजा होते हुए घेराई मोड़ तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क के निर्माण से आन्दर- रघुनाथपुर और आन्दर-गहिलापुर दोनों सड़कों के बीच आन्दर मोड़ की भीड़ कम होगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार खण्ड 'क' में वर्णित उक्त सड़क को पी.सी.सी. में तब्दील करना चाहती है ?

----

## सड़क निर्माण

*15 **सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत बसुआरा पंचायत में कटाय यादव टोल से राजपूत टोल तक करीब 1.5 कि.मी. कच्ची सड़क है ;

(ख) क्या यह सही है कि 5-7 वर्ष पूर्व इस सड़क पर मिट्टीकरण हुआ, जो जर्जर हो चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि यह सड़क पी.एम.जी.एस.वाई. से स्वीकृत हुई, किन्तु अभी तक इस सड़क की निर्माण की दिशा में कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया गया ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है; यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*16 **संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के डोभी के पास NH-2 से NH-83 में जो सड़क मिलती है वो पिछले करीब 13 वर्षों से जीर्ण—शीर्ण अवस्था में है जिस कारण इस सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है और इससे काफी दुर्घटना भी होती रहती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इस सड़क का शीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## जर्जर पथ का निर्माण

***17 आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखण्ड के ग्राम नवादा बाजार से फुलवरिया तक जाने वाली सड़क (पीच) अत्यंत जर्जर स्थिति में है जिसके चलते आवागमन में बड़ी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि वहां आये दिन दुर्घटना होती रहती है, दो वर्ष पूर्व R.E.O में था, अब पथ निर्माण विभाग में हो गया है लगभग 2 किलोमीटर तक दयनीय स्थिति बनी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त पथ की जर्जर स्थिति को देखते हुए शीघ्र बनवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

***18 सतीश कुमार (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज कोटवा-बेलवा को जोड़नेवाली सात किलोमीटर लंबी सड़क जो टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर आये दिन वाहन से गिरकर लोग जख्मी हो चुके हैं। संगामपुर प्रखण्ड में नंदपुर परसौना गांव के पास तो सिर्फ गड्ढा बचा हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराना चाहती है जिससे होने वाली दुर्घटना से लोगों की सुरक्षा हो सक , यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

***19 खालिद अनवर (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग प्रखंड ढाका के द्वारा टेंन्डर नं.-RWD/FDR/DHAKA/E-TENDER/2/2018-19 में टेंडर मैनेजिंग के लिए बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है;

(ख) क्या यह सही है कि मैंने अपने पत्रांक- 86/2018 दिनांक-20/9/2018 के माध्यम से मा. मंत्री /सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र देकर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने और टेंडर मैनेजिंग के खेल को उजागर किया था ;

(ग) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य डिविजन ढाका द्वारा चयनित ठीकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाए मिली-भगत करके ठीकेदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो मंत्री टेंडर मैनेजिंग के खेल की जांच कराकर ठीकेदारों और पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखते हैं ,यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## नगर पंचायत में परिवर्तन

***20 देवेश चन्द्र ठाकुर (स्नातक तिरहुत)ः**

**पंचायती राज ः-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड के पंचायत हजरत जनदाता एक शहरी पंचायत है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शहरी पंचायत की आबादी पन्द्रह हजार से ऊपर है जो नगर पंचायत के रूप में परिवर्तित होने की सभी-अहर्ता पूरी करती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार शहरी पंचायत हजरत जनदाता को नगर पंचायत के रूप में कबतक परिवर्तित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## दीघा का मालदह आम

***21 डा. रामवचन राय (मनोनीत)ः**

**कृषि ः-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः-

(क) क्या यह सही है कि पटना के दीघा का मालदह आम अपने आकार-प्रकार और

स्वाद में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि दीघा में मकान बनाने के लिए बड़े पैमाने पर आम के बगीचे काटे गये हैं और शेष कट रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार दीघा क्षेत्र में मालदह आम के शेष बचे पेड़ों को बचाने और इससे कलम तैयार कर राज्य के अन्य भागों में लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक और नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण कार्य कबतक

***22 तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत निर्मली पंचायत के पासवान टोला चौक से उत्तर पुरानी हाट होते हुए दीन बंधी पंचायत के सीमा तक की सड़क काफी जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की स्थिति जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत निर्मली पंचायत के पासवान टोला चौक से उत्तर पुरानी हाट होते हुए दीन बंधी पंचायत के सीमा तक जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों?

----

## सड़क के निर्माण पर विचार

***23 संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिले के प्रखंड चकाई की पंचायत पराची, ग्राम नवादा ग्रामीण पथ काफी जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि चकाई प्रखंड क पराची पंचायत ग्राम नवादा मेन रोड से नवादा ग्राम तक REO रोड मरम्मती कार्य कराना अति आवश्यक है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड ‘क’ में

वर्णित स्थल पर जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***24 गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

सड़क का पुनर्निर्माण

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखंड के ग्राम उमैराबाद एन.एच.-139 से न्यू अरवल होते हुए ग्राम-मोथा एच.एच.100 को जोड़नेवाली अत्यंत ही महत्वपूर्ण सड़क जीर्ण-शीर्ण एवं टूटी-फूटी अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि यह सड़क औरंगाबाद एवं भोजपुर जिला की ओर से आने वाली वाहनों को जहानाबाद की ओर जाने के लिए बाइपास का कार्य करती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सड़क की महत्ता को देखते हुए अविलंब इसका पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

***25 श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की मंगरौनी उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत के मध्य मुख्य सड़क पर कुट्टी चौक से बूढ़ी माई स्थान तक 600 फीट में जल-जमाव के कारण आवागमन में भारी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि एकदश रुद्र महादेव सल, बूढ़ी माई मन्दिर, भुवनेश्वरी माई मंदिर एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धर्म-स्थल है जहां सैकड़ों लोग देश-विदेश से दर्शन के लिए आते रहते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कब तक सड़क ऊंची कर एवं नाला-निर्माण कर समस्या का समाधान करेगी?

----

## बकाया राशि का भुगतान

***26 राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं ग्राम कचहरी के जन-प्रतिनिधियों का वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 का नियत भत्ता राशि का अभी तक भुगतान नहीं हो सका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं ग्राम कचहरी के जन-प्रतिनिधियों को उक्त वित्तीय वर्ष की बकाया राशि का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***27 सोने लाल मेहता (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर-चौसा मेन पथ के बीच से लक्ष्मीपुर माइनर से ग्राम बलुआ तक कच्ची पथ को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पक्कीकरण हेतु माननीय विधायक, माननीय विधान पार्षद्, माननीय सांसद एवं स्थानीय मुखिया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों की दृष्टि पड़ी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बताना चाहती है कि खंड'क' पर अंकित पथ को किस परिस्थिति में अभी तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं की गई है ?

----

## आवासों का निर्माण

***28 अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार राज्य में 2000 (दो हजार) मछुआरों के आवास निर्माण हेतु वर्ष 2014 में राशि आवंटित की गई थी;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार केन्द्र सरकार

द्वारा आवंटित राशि से मछुआरों के आवासों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## सड़क का निर्माण

*29 **सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा)ः**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के कनौदी ग्राम में संपर्क पथ का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(ख) क्या यह सही है कि गया-नवादा सड़क से ग्राम कदहडि़या तक संपर्क पथ का निर्माण हो चुका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कदहरिया से ग्राम कनौदी तक प्राथमिक विद्यालय होते हुए संपर्क पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

**पटना, पिन-800015.** **विनोद कुमार,**
**01 जुलाई, 2019.** **सचिव**